


नवभारत
इंदौर, शनिवार, 06 दिसम्बर 2025



एक नजर में

## एसआईआर में शत प्रतिशत प्राप्त करने पर जिला उप निर्वाचन अधिकारी सहित टीम का किया सम्मान



**आलीराजपुर** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने बताया कि 03 दिसंबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है निर्धारित समय के एक दिन पहले ही यह कार्य पूर्ण किया गया था जो कि जिले के लिए एक बडी उपलब्धि में से एक है , साथ ही जिले में मतदाता के गणना पत्रक की नो मेंपिग का कार्य भी कम रहा और जिले में इस कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत भी प्राप्?त नहीं हुई । जिसे लक्ष्?य को प्राप्?त करने में आसानी हुई । उन्?होने बताया कि सभी के प्रयास एवं टिम भावना के साथ इस कार्य को पूर्ण करना हमारे जिले की टीम भावना को प्रदर्शित करता है जिले के कर्मचारियों ने ये बात साबित करके बता दिया है कि हम लोग किसी भी बडे से बडे काम का आसनी से कर अपने लक्ष्?य की प्राप्ति कर सकते है । इसी श्रृंखला में कलेक्?टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल एवं इलेक्?शन सुपरवाईजर श्री सरदार सिंह चौहान को पुष्?प गुच्?छ सौप कर सम्?मानित किया ।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का किया जाएगा आयोजन

**आलीराजपुर** । महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार के द्वारा बाल विवाह के विरूद्ध 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम चरण 27 नवम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक शिक्षण संस्थानों जैसे स्कूलों, कॉलेजों ओर यूनिवर्सिटीज में चलाया जायेगा। द्वितीय चरण में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक धार्मिक जगहों और शादी से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसमें मंदिर,मस्जिद,चर्च,गुरुद्वारे,वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी डीजे, कैटरर और टेंट हाउस शामिल है। इस दौरान सीएम पीओएस,लोकल पुलिस और कम्युनिटी वॉलंटियर्स के साथ मिलकर शादी के मौसम में सघन निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। तृतीय चरण में 1 फरवरी 2026 से 8 मार्च 2026 तक, समुदाय स्तर पर जुडाव और ओनरशिप को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायतों और म्युनिसिपल वार्ड पर फोकस किया जाएगा। जिला अंतर्गत आंगनवाडी केंद्रों में शपथ, रैली एवं विद्यालयों/महाविद्यालयों में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है..

## आबकारी विभाग झाबुआ की कार्रवाई

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं



परिवहन पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर झाबुआ नेहा मीना तथा संभागीय उड़नदस्ता इंदौर के उपायुक्त श्री संजय तिवारी द्वारा निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में आज 05 दिसम्बर 2025 को आबकारी विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर आबकारी वृत्त झाबुआ 'ब' की टीम ने गुजरात सीमा पर स्थित ग्राम पिटोल में बताए गए स्थान पर दबिश दी। मंगू मेड़ा की किराना दुकान के पीछे रखी लोहे की पेटी की विधिवत तलाशी लेने पर माउन्ट 6000 सुपर स्ट्रांग बियर की 30 पेटी एवं बैगपाइपर व्हिस्की की 09 पेटी, इस प्रकार कुल 39 पेटी (कुल 437.76 बल्क लीटर) अवैध मदिरा जप्त की गई। मौके से आरोपी मंगू पिता फतिया मेड़ा फरार हो गया, जिसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही नवीन प्रावधानों के तहत विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के साथ संपन्न की गई। जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य ?1,56,240/- है। यह कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक श्री विकास वर्मा एवं उनकी टीम श्री मदन राठौड़, श्री विजय चौहान, श्रीमती पुष्पा बारिया तथा वाहन चालक श्री दीपक भूरिया द्वारा सफलतापूर्वक की गई। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध ऐसी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने हेतु किया निर्देशित

**झाबुआ।** विगत 27 नवंबर को कलेक्टोरेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयालसिंह ने शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु एवं तेजी से बढ़ते अतिक्रमण को लेकर अतिक्रमण मुहीम चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में एक पत्र भी कलेक्टर नेहा मीना की ओर से नगरपालिका सीएमओ एवं एसपी डॉ. शिवदयालसिंह द्वारा ट्रेफिक पुलिस को निर्देश जारी करने के बाद नगरपालिका सीएमओ के निर्देश पर शहर में 5 दिसंबर, शुक्रवार को एलाउंस कर समस्त व्यापारियों को सूचित किया गया कि सभी व्यापारी सार्वजनिक फुटपाथ, ओटलों, नाले-नालियों पर किए गए अतिक्रमण एवं अस्थायी ठेलगााड़ी, गुमटी व्यवसायी अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा ले, अन्यथा नगरपालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण मुहीम चलाकर सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल के नेतृत्व में ट्रेकिफ पुलिस की ओर से शहर के व्यापारियों को तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी जारी की गई है, अन्यथा प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा मिलकर ट्रेफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के म्ददेनजर सख्ती से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। शहर में तेजी से बढ़ रहा स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण उल्लेखनीय है कि शहर में पिछले कुछ महीनों में स्थायी के साथ अस्थायी अतिक्रमण काफी तेजी से बढ़ा है। शहर के बस स्टेंड और मुख्य बाजार तथा मार्गो में अतिक्रमण की बयार है। इस कारण शहर की टेÞफिक व्यवस्था भी काफी प्रभावित होती है। यह मुद्दा विगत दिनों हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रमुखता से उठने के बाद कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर प्रशासन एवं पुलिस अमले को व्यापारियों को प्रथम दृष्टया स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देने हेतु निर्देश प्रदान किए गए है। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर अतिक्रमण मुहीम चलाकर सख्ती से अतिक्रमण हटाने हेतु भी कहा गया है।

# छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का नाम है वार्षिकोत्सव : भूरिया

- पीएमश्री शासकीय बालक उमा विद्यालय रातीतलाई में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन






**झाबुआ। पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रातीतलाई पर शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया एवं जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटीला ने की। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 8 विजय चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरू भूरिया तथा मंडल अध्यक्ष भाजपा देवझिरी मांगीलाल भूरिया मौजूद रहे।**

सर्वप्रथम अतिथियों मां सरस्वतीजी की मूर्ति पर पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात् संस्था की शिक्षिकाओं में रूपल पंत, प्रीति त्रिवेदी, कल्पना चौधरी, कविता सतोगिया एवं मंजू शीला तिर्की द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण शिक्षक ऋतुराजसिंह राठौर ने दिया। पश्चात् शाला का वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन वरिषठ शिक्षिका शीला सिसोदिया ने किया। देवझिरी मंडल अध्यक्ष मांगीलाल भूरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले और अपना लक्ष्य अर्जुन की तरह साधकर कर पढ़ाई करना निश्चित करें, ताकि अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटीला ने बच्चों को बताया कि जब हम आपकी तरह पढ़ाई करते थे, तब शासन की ओर से कोई सुविधा नहीं मिल पाती थी, वर्तमान में आपको गणवेश, टैबलेट, स्कूटी और विभिन्न तरह की छात्रवृत्ति जैसी कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जरूरत है तो सिर्फ आपकी मेहनत की।

**विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए**-अंत में मुख्य अतिथि भानु भूरिया ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित छात्रों को कहा कि हमारे अंदर की प्रतिभा परीक्षा के परिणाम के माध्यम के रूप में बाहर आती है। यह प्रतिभा गायन, खेल, संगीत, नृत्य, पढ़ाई आदि किसी भी माध्यम से निखर कर बाहर आती है। उन्होंने विजेता टीम एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और हारी हुई टीमों को दोगुनी शुभकामनाएं दी, ताकि वह अगली बार ओर अधिक मेहनत करें। अंत में उन्होंने कहा कि अब आप अपने पढ़ाई के लक्ष्य के पर ध्यान केंद्रित करें। संस्था प्राचार्य अरुणकुमार मिश्रा ने आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। संस्था के मुकेश जोशी एवं दीपक त्रिवेदी द्वारा अतिथिगणों के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विजेता, उपविजेता छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित करवाए गए। समस्त अतिथिगणों ने छात्रों के साथ सहभोज का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नम्रता जैन ने किया एवं आभार प्राचार्य अरुणकुमार मिश्रा ने मान। इस अवसर पर शाला परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### लक्ष्य को हासिल करने की ओर आगे बढ़े

विशेष अतिथि विजय चौहान एवं हरु भूरिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्रों को बताया कि वे भी इसी संस्था में अध्यापन करते थे और यही के छात्र हैं। आज इस पद पर गरीब परिवार से विभिन्न अभावो और कमियों से जूझते हुए इस शिखर पर पहुंचे हैं। आज भी उनको पढ़ने वाले कई शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय में मौजूद है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने बताया कि आप खुद के लक्ष्य और परिवार की उन्नति पर ध्यान दें और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत के 100 प्रतिशत शिक्षित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की ओर आगे बढ़े।

# पेटलावद के असलिया में करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत



**पेटलावद।** क्षेत्र के असलिया गांव में शुक्रवार सुबह मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत जेमाल पिता लालू गामड़ (45) की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब जेमाल गांव में बिजली की लाइन सुधारने का काम कर रहे थे।

आक्रोशित परिजन शव को लेकर पेटलावद स्थित ग्रिड पर पहुंचे। एवं दोषियों पर कारवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीओपी सहित राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे असलिया में तालाब के अंदर लगी एक डीपी पर हुआ। मृतक जेमाल गामड़, जो कोदली गांव के धर्मेंद्र के साथ लाइन सुधारने के काम में लगे थे, खंभे पर चढ़े हुए थे।

ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि मरम्मत के लिए कथित तौर पर परमिट लिया गया था, यानी लाइन बंद होनी चाहिए थी। लेकिन इसी दौरान अचानक बिजली चालू हो गई। अचानक लगे तेज करंट के झटके से जेमाल खंभे के ऊपर ही बुरी तरह से जल गए। करंट लगने के बाद वह नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट लगने से उनका सिर और पूरा हाथ बुरी तरह झुलस गया था।

इस घटना से ग्रामीण और परिजन गहरे आक्रोश में हैं। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मृतक जेमाल का शव लेकर सीधे पेटलावद ग्रिड सब-स्टेशन पहुंचे। उन्होंने शव को ग्रिड परिसर में रखकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर एसडीओपी अनुरक्ति साबनानी, नायब तहसीलदार विजेंद्र कटारे, और नायब तहसीलदार अंकिता भिड़े पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया और निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अधिकारियों की समझाइश के बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय भिजवाया गया। इसके साथ ही, अधिकारियों ने मौके पर ही मृतक के पुत्र को तत्काल 20 हजार रुपये की अंत्येष्टि की सहायता राशि प्रदान की।

# जेवियर मेड़ा आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

- इंदौर उज्जैन संभाग का प्रभार जिले के नेताओं ने दी बधाई



**झाबुआ. मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने झाबुआ जिले के पूर्व विधायक प्रदेश कांग्रेस महासचिव जेवियर मेडा को आदिवासी विकास परिषद की धारा 3 का प्रयोग करते हुए मध्य प्रदेश का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है साथ ही उन्हें इंदौर उज्जैन का संभाग का प्रभार भी दिया गया है ।**

पूर्व विधायक जेवियर मेडा ने बताया कि मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद आदिवासियों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के प्रति हमेशा जागरूक रहा है हम आदिवासियों के उत्थान एवं विकास के लिए भूमिका का निर्वाह करेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कटिबद्ध रहेंगे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन की रूपरेखा बनाई जा रही है शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय एक सम्मेलन आयोजित होगा उनकी नियुक्ति पर विधायक पूर्व विधायक जनप्रतिनिधि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी एवं आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के प्रति आभार प्रकट किया ।



## हेरिटेज लिकर फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**आलीराजपुर** । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट ( महूआ ) के तहत आजीविका मिशन के स्?व सहायता समूह द्वारा विकसित महुआ से निर्मित मोंड हेरिटेज लिकर निर्माण फैक्ट्री का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महुआ लिकर निर्माण की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा ।कलेक्टर ने जाना कि फैक्ट्री में सबसे पहले महुआ फूलों को सुखाया जाता है, इसके बाद उन्हें फर्मेंट करके आधुनिक मशीनों के माध्यम से भाप (वाष्प) प्रक्रिया द्वारा लिकर को एकत्र किया जाता है। तैयार लिकर को मानक मापदंडों के अनुसार पैक कर बाजार के लिए भेजा जाता है ।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर माथुर ने संबंधित अधिकारियों एवं संचालकों से शासन की वह योजना भी जानी, जिसके तहत उन्हें फैक्ट्री निर्माण में लाभ मिला। इसके साथ ही उन्होंने लिकर ऑर्डर रजिस्टर, स्टोरेज, उत्पादन प्रक्रिया तथा रिकॉर्ड के बारे में जानकारी एकत्रित की ।

# जनरल परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक ने किया

**आलीराजपुर** । पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंश सिंह द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण एवं परीक्षण किया गया। इस परेड में जिले के समस्त थाना, रक्षित केंद्र, यातायात शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा विस बल में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। परेड का उद्देश्य पुलिस बल की अनुशासनात्मक स्थिति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, टर्न आउट, शारीरिक क्षमता तथा प्रशासनिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।



अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट रविन्द्र राठी द्वारा पुलिस अधीक्षक को परेड ग्राउंड पर औपचारिक रूप से रिसीव किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा मंच से परेड की सलामी ली गई, जिसके पश्चात परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा द्वारा निर्धारित छ्हद्बद्यद्य के अनुरूप परेड को सलामी कमांड दी गई। पुलिस अधीक्षक ने परेड का सूक्ष्म निरीक्षण कर परेड में उपस्थित प्रत्येक अधि/कर्म के टर्न आउट को परखा। जिन अधिकारी/कर्मचारियों का टर्न आउट उत्कृष्ट पाया गया, सभी को पुरस्कृत किया गया। जिन कर्मचारियों का टर्न आउट संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें अंतिम चेतावनी प्रदान करते हुए सुधार के लिए अवसर उपलब्ध कराया गया। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस डॉग पीटर से डॉग से अभ्यास कराया गया, जिसमें पुलिस डॉग मास्टर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें अलग से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को स्वास्थ्य, अनुशासन एवं व्यक्तिगत सुरक्षित व्यवहार संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से पूर्णतया दूरी बनाए रखें।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक थाना कोतवाली पहुंचे, जहाँ थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सितोले की उपस्थिति में थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस हेल्पडेस्क, थाना परिसर की स्वच्छता, जल व्यवस्था, शस्त्रागार, माल खाना, हवालात तथा हेलमेट बैंक का अवलोकन कर सभी व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आकलन किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित या आंगतुक को सम्मानपूर्वक बैठाया जाए तथा उसकी शिकायत को संवेदनशीलता के साथ सुनकर विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

एक नजर में

**यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण को जैसी शिक्षा और संस्कार दिए, वैसे ही शिक्षा और संस्कार आंगनवाड़ी से दिए जाएं : मुख्यमंत्री डॉ . यादव**

# प्रदेश में पहली बार ऑनलाइन हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती

### *ऑनलाइन भर्ती की यह पहल करने वाला पहला राज्य बना मध्यप्रदेश*






**झाबुआ,** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से कहा कि आपकी जिम्मेदारी यशोदा मैया की तरह है, जिस प्रकार उन्होंने गोपाल कृष्ण का पालन-पोषण कर उन्हें संस्कार प्रदान किए, उसी तरह आप भी आंगनवाड़ी में आने वाले हर बच्चे की देखभाल श्रीकृष्ण की तरह करें। नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र के रूप में बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और माताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का वचन पत्र सौंपा जा रहा है।

हमें विश्वास है कि हमारी बहनें अपना दायित्व पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता से निभाएंगी और प्रदेश को कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में विजय दिलवाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विधानसभा के समिति कक्ष में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति-पत्र प्रदान कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, विधायक तथा पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और विभाग की सचिव सुश्री जी.वी. रश्मि विशेष रूप से उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने प्रतीक स्वरूप तीन नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विधायक अर्चना चिटनीस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को अपने कार्य दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने, विकसित मध्यप्रदेशञ्च2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में हर संभव योगदान देने और सुपोषित मध्यप्रदेश के निर्माण में अपने दायित्व का पूर्णत: पालन करने की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भी गांवों में आंगनवाड़ी वाली दीदी को जो सम्मान मिलता है, उतना किसी और को नहीं मिलता। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका परिवार की सदस्य बन जाती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि न्यू इंडिया की मजबूत नींव मातृ शक्ति से ही बनती है। हमारी आंगनवाड़ी की बहनें इसे सार्थक कर रही हैं। यह बहनें केवल कार्यकर्ता नहीं अपितु गांव की पहली गुरू और पहली पोषण दूत हैं।